राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

सत्यमेव जयते

गुरूर्गुरूतमो. धाम
NCTE

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

सार्वजनिक सूचना

25 अप्रैल 2025 / 05 बैसाख 1947

विषय: राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (NCET) 2025 के लिए प्रवेश पत्र (Admit Card) जारी करने के संबंध में।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (NCET) 2025 का आयोजन **29 अप्रैल 2025 / 09 वैशाख 1947 (मंगलवार)** को 4-वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP) में प्रवेश हेतु चयनित केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों, जिनमें IITs, NITs, RIEs तथा सरकारी महाविद्यालय शामिल हैं, के लिए किया जाएगा।

उक्त परीक्षा के लिए शहर सूचना पर्ची (City Intimation Slip) पहले ही 21 अप्रैल 2025 को वेबसाइट https://exams.nta.ac.in/NCET/ पर उपलब्ध कराई जा चुकी है। अब **NCET 2025 परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र** आज, **25 अप्रैल 2025 / 05 वैशाख 1947** को जारी किए जा रहे हैं।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने **आवेदन संख्या और जन्म तिथि** का उपयोग करके वेबसाइट **https://exams.nta.ac.in/NCET/** से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करें। साथ ही, प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यह प्रवेश पत्र अस्थायी रूप से जारी किया जा रहा है, जो सूचना विवरणिका में उल्लिखित पात्रता शर्तों की पूर्ति पर आधारित है। प्रवेश पत्र जारी किया जाना पात्रता की स्वीकृति नहीं माना जाएगा; पात्रता की पुष्टि बाद के चरणों में की जाएगी। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र में किसी भी प्रकार की कटिंग या परिवर्तन न करें।

प्रवेश पत्र में किसी भी जानकारी, फोटो, हस्ताक्षर या अन्य विवरण में बदलाव या छेड़छाड़ को अनुचित साधन (Unfair Means - UFM) के रूप में माना जाएगा और ऐसे मामलों से नियमों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने प्रवेश पत्र की एक प्रति भविष्य के लिए सुरक्षित रखें। प्रवेश पत्र डाक या अणु-डाक (ई-मेल) द्वारा नहीं भेजे जाएंगे।

यदि किसी अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई कठिनाई होती है, तो वह **011-40759000 / 011-69227700** पर संपर्क कर सकते हैं या **ncet@nta.ac.in** पर लिख कर भेज सकते हैं।

सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से **NTA की वेबसाइट** www.nta.ac.in **तथा** https://exams.nta.ac.in/NCET/ पर संपर्क में रहें।

ह.स्ता.—

निदेशक (परीक्षा)